विस चुनाव की तैयारी तेज सीइओ दलों से करेंगे बात

संवाददाता ▷ पटना

➲ **पुरानी इवीएम को गोदामों से हटाने की प्रक्रिया सात दिनों में होगी शुरू**

राज्य में अक्तूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए अगले 15 दिनों में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीइओ) एचआर श्रीनिवास सभी राजनीतिक दलों से विचार- विमर्श करेंगे. सीइओ श्री निवास ने बताया कि मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जायेगी. चुनाव आयोग के निर्देश पर इवीएम के भंडारण से लेकर उनकी मरम्मत का काम अब शुरू कराया जायेगा. पुरानी इवीएम को भंडार से हटाया जायेगा. नयी मशीनों के भंडारण और रखरखाव का काम अगले सप्ताह से शुरू हो जायेगा. वर्चुअल रैली और प्रचार-प्रसार को लेकर सीइओ ने बताया कि इसका पहले से प्रयोग किया जा रहा है. इसके ऊपर होनेवाले खर्च का ब्योरा मंगाया गया था. आगामी विधानसभा चुनाव में सोशल मीडिया के खर्च का ब्योरा मांगा जायेगा. जितने भी प्लेटफार्म हैं, वहां से सूचनाएं मांगी जायेंगी. सीइओ ने बताया कि अब तक विधान परिषद चुनाव को लेकर किसी तरह का निर्देश नहीं मिला है.